# चंदन की लकड़ी से बनी बुद्ध प्रतिमा

## प्रिलिम्स के लिये:

बौद्ध धर्म की उत्पत्ति, मुद्राएँ, बौद्ध धर्म के सिद्धांत, चंदन।

## मेन्स के लिये:

बौद्ध धर्म का महत्त्व, भारतीय साहित्य, प्राचीन भारत में बौद्ध धर्म का प्रसार।

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री ने जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा को उनकी दो दिवसीय राजकीय यात्रा के दौरान **चंदन की लकड़ी से बनी बुद्ध प्रतिमा** भेंट की।

- चंदन की लकड़ी से बनी इस मूर्ति में बुद्ध को **बोधि वृक्ष** के नीचे **'ध्यान मुद्रा'** में बैठे हुए दर्शाया गया है।

## चंदन:

- **परिचय: संतालम/सैंटालम एलबम** को आमतौर पर **भारतीय चंदन** के रूप में जाना जाता है, यह चीन, भारत, इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और फिलीपींस में पाई जाने वाली **शुष्क पर्णपाती वन प्रजाति** है।
  - चंदन लंबे समय से भारतीय विरासत एवं संस्कृति से जुड़ा हुआ है और **विश्व के चंदन व्यापार में देश ने 85% का योगदान दिया।** हालाँकि हाल में इसमें तेज़ी से गिरावट आई है।
- **विशेषता:** इस उष्णकटिबंधीय पेड़ की ऊँचाई 20 मीटर तक होती है और इसकी लकड़ियाँ **लाल होती हैं तथा इसकी छाल कई गहरे रंगों** (गहरा भूरा, लाल तथा गहरा स्लेटी) की होती है।
- **उपयोग:** इसकी लकड़ी **मज़बूत और टिकाऊ** होती है, इसलिये इसका अधिकांश उपयोग किया जाता है।
  - भारतीय चंदन को **आयुर्वेद** की **सबसे पवित्र जड़ी बूटियों** में से एक माना जाता है।
- **भारत में वितरण:** भारत में चंदन ज़्यादातर आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, बिहार, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में उगाया जाता है।
  - कर्नाटक को कभी-कभी **'गांधार गुड़ी'** अथवा **चंदन की भूमि भी कहा जाता है।** चंदन पर नक्काशी की कला सदियों से कर्नाटक की सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग रही है। इसकी उत्पत्ति तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में देखी जा सकती है। राज्य ने संसाधनों का निरंतर प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिये **चंदन विकास बोर्ड** की स्थापना की है।
- **IUCN रेड लिस्ट स्थिति: सुभेद्य**

## बौद्ध धर्म में मुद्राएँ:

- **बौद्ध धर्म** में मुद्रा **हस्त संकेत अथवा अवस्थाएँ हैं जिनका उपयोग ध्यान** और अन्य अभ्यासों के दौरान किया जाता है ताकि मन को केंद्रित करने, ऊर्जा को नियंत्रित करने और बुद्ध की शिक्षाओं को प्राप्त करने में मदद मिल सके।
  - **ध्यान मुद्रा:** इस मुद्रा में **हाथों को गोद में रखा जाता है, इसमें दाहिना हाथ बाएँ हाथ के ऊपर होता है और अँगूठे को स्पर्श करता है।**
    - यह मुद्रा ध्यान, एकाग्रता और आंतरिक शांति की प्रतीक है।
  - **अंजलि मुद्रा:** यह बौद्ध धर्म में उपयोग की जाने वाली सबसे आम मुद्रा है और इसमें हथेलियों को छाती के सामने एक साथ दबाया जाता है, जिसमें उँगलियाँ ऊपर की ओर संकेत करती हैं।
    - यह सम्मान, अभिवादन और कृतज्ञता का प्रतीक है।
  - **वितर्क मुद्रा:** इस मुद्रा को **"शिक्षण मुद्रा" या "चर्चा मुद्रा"** के रूप में भी जाना जाता है और इसमें **दाहिने हाथ को ऊपर उठाने और अँगूठे एवं तर्जनी के माध्यम से वृत्त बनाना शामिल है।**

